इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड
;(भारत सरकार का उद्यम)
राजभाषा अनुभाग, कॉर्पोरेट कार्यालय

परिपत्र (Circular)

डीएलआई/राजभाषा/पखवाड़ा-14 09 अगस्त 2024

विषयः ईपीआई कॉर्पोरेट कार्यालय एवं समस्त क्षेत्रीय कार्यालय के लिए में हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़े का आयोजन मुख्यालय द्वारा किए जाने के संदर्भ में।

संदर्भः दिनांक 31 जुलाई, 2024 के पत्र संख्या डीएलआई/राजभाषा/पखवाड़ा-14 के अनुसार

उपरोक्त संदर्भीय विषय के अनुसार गृह मंत्रालय भारत सरकार, राजभाषा विभाग के पत्र सं. 11034/4/2024-राजभाषा (नीति) दिनांक 03 जुलाई, 2024 में दिए गए निदेशानुसार भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालन हेतु ईपीआई कॉर्पोरेट कार्यालय तथा समस्त क्षेत्रीय कार्यालय में वर्ष-2024 में हिंदी पखवाड़े का आयोजन करना अपेक्षित है।

भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा 14 सितंबर को/से हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़ा मनाने के अनुदेश भी अनिवार्य होते हैं। कॉर्पोरेट कार्यालय तथा समस्त क्षेत्रीय कार्यालय में इस वर्ष 02 सितंबर से 17 सितंबर, 2024 तक हिंदी पखवाड़ा समारोह मनाया जाएगा, जिसमें हिंदी से संबंधित विविध प्रतियोगिताओं यथा हिंदी निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता, महा प्रबंधक एवं उच्च अधिकारियों के लिए घोषवाक्य तथा हिंदी हस्ताक्षर प्रतियोगिता समस्त क्षेत्रीय तथा मुख्यालय के लिए आयोजित की जाएगी।

इस परिपत्र के द्वारा समस्त क्षेत्रीय/साइट कार्यालय प्रभारियों से अनुरोध है कि वे 02 सितंबर से 17 सितंबर, 2024 के बीच क्षेत्रीय तथा मुख्यालय के अधिकारी/कर्मचारियों के लिए संयुक्त रूप से हिंदी दिवस/सप्ताह/पखवाड़े का आयोजन किया जाएगा साथ ही इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्यालय द्वारा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा। पखवाड़ा के दौरान विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिताओं का खर्च कॉर्पोरेट कार्यालय के बजट से ही किए जाएगा। प्रबंधन द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार इस वर्ष हिंदी पखवाडा समारोह का आयोजन मुख्यालय द्वारा किया जाएगा जिसमें समस्त क्षेत्रीय तथा साइट कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी, ऑनलाईन/ऑफलाईन के माध्यम से भाग ले सकेंगे।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी तथा भाग लेने के लिए तबस्सुम खान, कार्यकारी, उ.क्षे.कार्या. नई दिल्ली, पीसीओ भुवनेश्वर एवं पीसीओ हैदराबाद के लिए मोबाइल नं. 9891708795, डॉ. अहीर प्रभुनाथ, कार्यकारी दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यालय, चेन्नई तथा पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय मोबाइल नं. 9968661666 तथा डॉ. मनीश शंकरराव गवई प्रबंधक राजभाषा उत्तर पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय गुवाहाटी तथा पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय कोलकाता, के लिए मोबाइल नं. 9910971549 से भाग लेने हेतु संपर्क करें। आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों का ब्यौरा कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा अनुभाग में दिनांक 25 अगस्त के पूर्व अवश्य प्रेषित करें। आपके सहयोग हेतु राजभाषा प्रभाग में समन्वय रखें। उपरोक्त समारोह का आयोजन किया जाना अपेक्षित है, ताकि भारत सरकार के संसदीय राजभाषा समिति, भारी उद्योग मंत्रालय की समिति, नराकास समिति को यथोचित रिपोर्ट भेजी जा सके। इस परिपत्र के साथ प्रतियोगिताओं का विवरण संलग्न है।

डॉ.म.शं.गवई 9/8/24

(डॉ. मनीश शंकरराव गवई)
प्रबंधक (राजभाषा) एवं
सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति

समूह महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष, रा.का.स.

एम.एम
13.08.2024

संलग्नक-।

हिंदी पखवाड़ा समारोह-2024 में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की सूची

मुख्यालय, समस्त क्षेत्रीय तथा साइट कार्यालय के अधिकारी / कर्मचारी, ऑनलाईन / ऑफलाईन के माध्यम से भाग लेने हेतु

क्र.सं.	कार्यक्रम का ब्यौरा	दिनांक, दिन व समय	अधिकारी/कर्मचारियों के नाम तथा कार्यालय का नाम
1.	हिंदी पखवाड़ा समारोह-2024 तथा पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह मा. अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मा. निदेशक (परियोजना) मा. निदेशक (वित्त),मा. अध्यक्ष, रा.का.सं. द्वारा उद्घाटन किया जाएगा।	02.09.2024 (सोमवार)	
2.	हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता	04.09.2024 (बुधवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक)	
3.	महा प्रबंधक व उच्च अधिकारियों के लिए प्रतियोगिता (हिंदी घोषवाक्य / हस्ताक्षर प्रतियोगिता) ।	06.09.2024 (शुक्रवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक)	
4.	चित्रकला प्रतियोगिता	09.09.2024 (सोमवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक)	
5.	राजभाषा कार्यान्वियन से संबंधित त्रैमासिक बैठक	11.09.2024 (बुधवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक)	
6.	कार्यशाला का आयोजन तथा हिंदी प्रतिज्ञा वाचन एवं राष्ट्रभाषा हिंदी से संबंधित प्रतिज्ञा वाचन एवं हिंदी पखवाड़ा – 2024 का समापन समारोह	13.09.2024(शुक्रवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक)	
7.	हिंदी पखवाड़ा – 2024 के प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण, हिंदी प्रतिभा पुरस्कार तथा नकद पुरस्कार वितरण	17.09.2024 (मंगलवार) (समय 3 बजे से 4 बजे तक) प्रतियोगिता के परिणाम आने के पश्चात तिथि निर्धारित की जाएगी।	

डॉ.ग.शां.राव
9/8/24